

6 राग परिचय एवं बंदिशें

राग भैरव

भैरव थाट रे ध कोमल, धैवत ऋषभ सम्वाद।
प्रातः समय गुनी जन गावत, भैरव पूरण राग।।

राग परिचय-1, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव

11154CH06

राग विवरण

इस राग की उत्पत्ति भैरव थाट से मानी जाती है। इसमें ऋषभ और धैवत स्वर कोमल तथा शेष स्वर शुद्ध लगते हैं। इसकी जाति संपूर्ण मानी गयी है। राग भैरव का वादी स्वर धैवत तथा संवादी स्वर ऋषभ होता है। इस राग के आरोह में ऋषभ का अल्पत्व रहता है, इस राग की विशेषता रेध स्वरों पर निर्भर करती है। इसमें मध्यम से ऋषभ की मींड बहुत सुंदर दिखाई देती है। इसका गायन समय प्रात:काल है। यह एक गंभीर प्रकृति का राग है। कर्नाटक संगीत में इसे 'मायामालवगौल' के नाम से जाना जाता है। संगीत के कुछ मनीषियों ने इसे आदि राग भी माना है।

मुख्य बिंदु

थाट	भैरव
जाति	संपूर्ण
स्वर	रे॒ ध॒ कोमल, शेष शुद्ध
वादी	ध॒
संवादी	रे॒ गायन
समय	प्रात:काल
आरोह	स रे॒ ग म, प ध॒, नि सं
अवरोह	सं नि ध॒, प म ग, रे॒, स
पकड़	ग म ध॒ ध॒ प, ग म रे॒ रे स

© NCERT not to be republished

राग भैरव–त्रिताल (मध्य लय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी धन धन मूरत कृष्ण मुरारी सुलच्छन गिरिधारी छबि सुंदर लागे अति प्यारी

अंतरा बंसी धर मन मोहन सुहावे बलि बलि जाऊँ मोरे मन भावे सब रंग ज्ञान विचारी

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								म		नि				ग	
								ग	म	ध़	ध़	पम	प़	म	ग
								ध	न	ध	न	मूऽ	ऽ	र	त
ग				ग				नि़	नि़						
रे़	–	मग़	(म)	रे़	–	स	–	स	ध़	–	नि़	स	स	स	स
कृ	ऽ	ष्णऽ	मु	रा	ऽ	री	ऽ	सु	ल	ऽ	च्छ	ऽ	न	गि	रि
ग				स		म				नि		ध		नि	
रे़	–	स	–	नि़	स	ग	म	प	प	ध़	–	सं	–	ध़	प
धा	ऽ	री	ऽ	छ	बि	सूँ	ऽ	द	र	ला	ऽ	गे	ऽ	अ	ति
पध़	निसं	सं रे़	संनि	धनि	धप	मग़	म								
प्याऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	री								
अंतरा															
								म				नि			
								प	–	प	–	ध़	ध़	नि	नि
								बं	ऽ	सी	ऽ	ध	र	म	न
								सं		रें					
सं	सं	सं	सं	नि	सं	सं	–	रें़	रें़	मं	मं	रें़	–	सं	–
मो	ह	न	सु	हा	ऽ	वे	ऽ	ब	लि	ब	लि	जा	ऽ	ऊँ	ऽ
नि				नि				म						नि	
सं	सं	रें़	सं	ध़	–	प	–	ग	म	ग	म	प	–	ध़	प
मो	रे	म	न	भा	ऽ	वे	ऽ	स	ब	रं	ग	ज्ञा	ऽ	न	वि
पध़	निसं	सं रे़	संनि	धनि	धप	मग़	म								
चाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	री								

© NCERT not to be republished

भैरव–एकताल (विलंबित)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी बिना हरि कौन खबर मोरी लेत

अंतरा काहे को सोच करे मन मूरख नित उठि भोजन देत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धिं	धिं	धागे	तिरकिट	तू	ना	क	त्ता	धागे	तिरकिट	धी	ना
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
							नि	स			
							स	म	–	गम	पप
							बि	ना	ऽ	ऽऽ	हरि
नि								म			
ध्र	–	प	पम	धधपम	प	म	ग	रे	,ग	म	प
कौ	ऽ	न	ऽऽ	खऽऽऽ	ऽ	ब	ऽ	र	ऽमो	री	ऽ
			ग	म							
म	–	ग	म(म)	रे	–	स	,स				
ले	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	त	,बि				
अंतरा											
										नि	
								प	मप	ध्र	नि
								का	ऽऽ	हे	को
			नि	गं				सं		नि	
सं	–	सं	सं	रें	–	सं	सं	नि	सं	ध्र	प
सो	ऽ	च	ऽक	रे	ऽ	म	न	मू	ऽ	र	ख
म						नि					
प	म	गम	प	प	–	ध्र	–	–	नि	सं	निसं
नि	त	ऽऽ	उ	ठि	ऽ	भो	ऽ	ऽ	ज	न	ऽऽ
					नि						
रें	–	सं	नि	सं	ध्र	प	मपधपप				
दे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	त	ऽ	ऽऽऽबि				

© NCERT not to be republished

धमार

ताल–धमार

डागर घराने की बंदिश

स्थायी आज धूम मची है बृज में आली, अब कैसे मान रहे गोरी
अंतरा चोहा चंदन और अतर अरगजा केसर रंग मचे गौरी।

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
क	धि	ट	धि	ट	धा	ऽ	ग	ति	ट	ति	ट	ता	ऽ
×					2		0			3			
स्थायी													
										ग	प	ग	म
										आ	ऽ	ज	ऽ
ध्र	–	–	प	–	ध्र	प	म	प	प	म	–	ग	–
धू	ऽ	ऽ	म	ऽ	म	ची	ऽ	ऽ	ऽ	है	ऽ	ऽ	ऽ
रे्र	रे्र	रे्र	म	ग	प	–	म	ग	–	प	म	ग	–
बृ	ज	ऽ	में	ऽ	ऽ	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ली	ऽ	ऽ	ऽ
ऩी	ऩी	स	म	म	ग	मग	प	–	–	ध्र	–	नी	सं
अ	ब	ऽ	कै	ऽ	ऽ	सोऽ	मा	ऽ	ऽ	न	ऽ	ऽ	ऽ
रें्र	सं	नी	ध्र	नी	सं	नी	ध्र	पम	प	ग	प	ग	म
र	हे	ऽ	गो	ऽ	ऽ	ऽ	री	ऽऽ	ऽ	आ	ऽ	ज	ऽ
अंतरा													
प	प	प	ध्र	ध्र	ध्र	नी	नी	सं	सं	सं	सं	सं	सं
चो	ऽ	ऽ	हा	ऽ	ऽ	चं	ऽ	ऽ	द	न	ऽ	औ	र
ध्र	ध्र	ध्र	नी	सं	रें्र	रें्र	सं	नीसं	ध्र	–	प	ग	म
अ	त	ऽ	र	ऽ	ऽ	अ	र	गऽ	जा	ऽ	ऽ	के	ऽ
ध्र	ध्र	नी	नी	रें्र	सं	नी	ध्र	पम	प	ग	प	ग	म
स	र	रं	ग	म	चे	ऽ	गो	ऽऽ	री	आ	ऽ	ज	ऽ

© NCERT not to be republished

राग भैरव (त्रिताल)—मसीतखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
											सऩि	स	गम	प	प
											दिर	दा	दिर	दा	रा
$^{नि}$ध॒	$^{नि}$ध॒	प	ध॒प	म	पम	ग	रे॒गमप	मगम	रे॒	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	राऽऽऽ	दा	दा	रे					
मन्झा															
ग़	म़म़	$^{नि}$ध़॒	ऩि	स	^{ग}ग	मध॒	प	मगम	^{ग}रे॒	स					
दा	दिर	दा	रा	दा	दिर	दा	रा	द	दा	रा					
अंतरा															
											गग	म	ध॒ध॒	नि	नि
											दिर	दा	दिर	दा	रा
सं	सं	सं	निसं	ध॒	निनि	सं	रें॒	गंमं	रें॒	सं					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	रा	रा					
											रें॒,गंमं	रे॒	संसं	नि	सं
											दिर	दा	दिर	दा	रा
$^{नि}$ध॒	$^{नि}$ध॒	प	मग	म	ध॒ध॒	प	म	मगम	रे॒	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					

राग भैरव (त्रिताल)—रज़ाखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
						धध	पप	ग–	म,रे	–रे,	सस	नि	सस	ग	म
						दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दिर	दा	दिर	दा	रा
ध	–	प,	ग	–	म										
दा	ऽ	रा,	दा	ऽ	रा										
अंतरा															
ध	–	–	ग	–	म	ध	नि	ध	निनि	संसं	रेंरें	सं–	सं,नि	-नि,	सं
दा	ऽ	ऽ	दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
म	धध	प	म	ग	म										
दा	दिर	दा	रा	दा	रा										

राग भैरव (त्रिताल)—रज़ाखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								स	मम	ग	म	–	प	म	प
								दा	दिर	दा	रा	ऽ	दा	रा	दा
ध	–	–,	म	ग	रे	स	नि								
दा	ऽ	रा,	दा	दा	रा	दा	रा								
अंतरा															
ध	–	–,	म	ध	म,	ध	नि	ध	निनि	संसं	रेंरें	सं–	सं,नि	–नि	सं
दा	ऽ	रा,	दा	रा	दा,	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
सं	गंगं	रें	मं	गं	रें	सं	नि	सं	रेंरें	निनि	संसं	नि–	नि,ध	–ध,	प
दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
म	धध	प	म	ग	रे	स	नि								
दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा								

© NCERT not to be republished

कुछ लोकप्रिय गीत जो राग भैरव पर आधारित हैं–

जागो मोहन प्यारे जागो

(**चित्रपट**—*जागते रहो* (1956), **गायिका**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—सलिल चौधरी, **गीतकार**—शैलेंद्र सिंह)

अम्मा रोटी दे, बाबा रोटी दे

(**चित्रपट**—*संसार* (1951), **गायिका**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—वी. एस. कल्ला, इमानी शंकरा शास्त्री और एम. डी. पार्थ शास्त्री, **गीतकार**—पं. इंद्रा चंद्रा)

मोहे भूल गये साँवरिया

(**चित्रपट**—*बैजू बावरा* (1952), **गायिक**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—नौशाद, **गीतकार**—शकील बदायूँनी)

इक ऋतु आए इक ऋतु जाए, मौसम बदले ना बदले नसीब

(**चित्रपट**—*गौतम गोविंदा* (1979), **गायक**—किशोर कुमार, **संगीतकार**—लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, **गीतकार**—आनंद बख्शी)

अभ्यास

विभाग 'अ' के शब्दों का 'आ' विभाग में दिए गए शब्दों से मिलान करें–

अ	आ
(क) राग भैरव का थाट	1. प्रात:काल
(ख) कोमल स्वर	2. स <u>रे</u> ग म, प <u>ध</u>, नि सं
(ग) गायन समय	3. जागो मोहन प्यारे
(घ) आरोह	4. भैरव
(ङ) अवरोह	5. <u>रे</u> <u>ध</u>
(च) आधारित गीत	6. सं नि <u>ध</u>, प म ग, <u>रे</u> स

© NCERT not to be republished

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. राग भैरव की जाति _____ है।
2. राग भैरव को कर्नाटक संगीत में _____ राग के नाम से जाना जाता है।
3. इसका वादी _____ व _____ संवादी _____ स्वर है।
4. इसके _____ व _____ पर आंदोलन किया जाता है।
5. 'अम्मा रोटी दे, बाबा रोटी दे' गीत _____ फ़िल्म से लिया गया है।

सही या गलत बताइए–

1. राग भैरव में ठुमरी ज्यादा गाई जाती है। (सही/गलत)
2. यह अपने राग का आश्रय राग नहीं है। (सही/गलत)
3. इस राग में ध्रुपद व तराना भी गाया जाता है। (सही/गलत)
4. प्रसिद्ध फिल्म *बैजू बावरा* (1952) में सिनेमा जगत में प्रदर्शित की गई थी। (सही/गलत)
5. राग भैरव सायंकालीन राग है। (सही/गलत)

इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. राग भैरव पर आधारित कोई एक श्लोक लिखिए तथा उसका भावार्थ बताइए।
2. राग भैरव पर आधारित कोई एक बंदिश की स्वरलिपि लिखिए।

आइये, पाठ्यक्रम से हटकर संगीत की कुछ अन्य पृष्ठभूमि पर भी चर्चा करें–

1. भारत की आज़ादी के बाद संगीत क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ा? इसके उतार-चढ़ाव को अपने शब्दों में लिखिए।
2. संगीत शिक्षा को स्कूल शिक्षा का एक विषय बना दिया गया। क्या आप इस बदलाव से सहमत हैं या नहीं। कारण सहित बताइए।

© NCERT not to be republished

राग खमाज

चढ़त रिखब न लगाइये, कोमल म-नी विराज ।
ग-नि वादी-संवादी तें कहयित राग खमाज ।।

चंद्रिकासार

राग विवरण

यह राग खमाज थाट का राग है जो कि आश्रय राग की श्रेणी में आता है। इस राग में दोनों निषाद प्रयोग किए जाते हैं। आरोह में शुद्ध निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है, शेष स्वर शुद्ध प्रयोग किये जाते हैं। इसकी जाति षाड्व-संपूर्ण है। इस राग का वादी स्वर गांधार और संवादी निषाद है। इसके आरोह में ऋषभ वर्जित होता है। इसके अवरोह में अनेक बार पंचम वक्र करके लगाया जाता है। इसका गायन समय रात्रि का दूसरा प्रहर होता है। यह ठुमरी अंग का राग है अत: प्राय: इसमें ठुमरी, भजन व देश-भक्ति गीत आदि गाए जाते हैं। इसके वादन में विलंबित और द्रुत (मसीतखानी व रज़ाखानी) दोनों प्रकार की गतें बजाई जाती हैं। दक्षिण भारतीय संगीत में इसे 'हरिकाम्भोजी' कहा जाता है।

मुख्य बिंदु

थाट	खमाज
जाति षाड्व	संपूर्ण
वादी	ग
संवादी	नि
वर्जित स्वर	आरोह में ऋषभ
वर्जित गायन समय	रात्रि का द्वितीय प्रहर
आरोह	स ग, म प , ध नि सं
अवरोह	सं नि̲ ध प , म ग, रे स
पकड़	नि̲ ध, म प ध ऽ म ग

© NCERT not to be republished

राग खमाज–त्रिताल (मध्यलय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 1

स्थायी नमन करूँ मैं सद्-गुरु चरणा सब दुख हरणा भव निस्तरणा

अंतरा शुद्ध भाव धर अंत: करणा सुर नर किन्नर वंदित चरणा

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								नि					प		
								सं	सं	नि	नि	ध	ध	(म)	ग
								न	म	न	क	रूँ	ऽ	मैं	ऽ
म				नि				नि					रें	रें	
ग	–म	प	ध	सं	नि	सं	–	सं	सं	गं	मं	गं	गं	नि	सं
स	ऽद्	गु	रु	च	र	णा	ऽ	स	ब	दु	ख	ह	र	णा	ऽ
सं							प								
नि	नि	सं	–	नि	सं	नि	ध								
भ	व	नि	ऽ	स्त	र	णा	ऽ								
अंतरा															
								प		नि					
								ग	म	ध	नि	सं	नि	सं	सं
								शु	ऽ	द्ध	भा	ऽ	व	ध	र
				सं				नि				रें		रें	
नि	-	सं	-	नि	सं	नि	ध	सं	सं	गं	मं	गं	–	नि	सं
अं	ऽ	तः	ऽ	क	र	णा	ऽ	सु	र	न	र	कि	ऽ	न्न	र
सं							प								
नि	–	सं	सं	निसरें	निसं	नि	ध								
वं	ऽ	दि	त	चऽऽ	र ऽ	णा	ऽ								

© NCERT not to be republished

राग खमाज (धमार)—ताल-धमार

डागर घराने की बंदिश

स्थायी श्याम रंग डारत बरजोरी चुनरी भिजोई गागर फोरी

अंतरा रंग पिचकारी तक तक मारी छाडो छाड़ो गैलहि मोरी

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
क	धि	ट	धि	ट	धा	ऽ	ग	ति	ट	ति	ट	ता	ऽ
×					2		0			3			
स्थायी													
									स	ग	म	प	ध
									श्या	ऽ	म	रं	ग
नी	नी	नी	सं	नीप	प	धसं	नी	धप	–	ग	म	प	सं
डा	ऽ	ऽ	र	तऽ	ब	रऽ	जो	रीऽ	–	चु	न	री	भि
नीध	नीप	ध	नी	नी	संनि	संनि	नीध	नीप	सं	ग	म	प	ध
जोऽ	ऽऽ	ई	गा	ऽ	गऽ	रऽ	फोऽ	रीऽ	श्या	ऽ	म	रं	ग
अंतरा													
ग	ग	म	नी	धप	नी	–	नी	सं	सं	सं	सं	सं	सं
रं	ग	ऽ	पि	ऽऽ	च	ऽ	का	ऽ	री	त	क	त	क
गं	गं	मं	गं	–	सं	–	नी	नी	सं	सं	–	–	–
मा	ऽ	ऽ	री	ऽ	ऽ	ऽ	छा	ऽ	ऽ	रो	ऽ	ऽ	ऽ
प	नी	–	नी	नी	संनि	सं	नीध	नीप	सं	ग	म	प	ध
छा	ड़ो	ऽ	गै	ल	ही	ऽ	मोऽ	रीऽ	श्या	ऽ	म	रं	ग

© NCERT not to be republished

राग खमाज (तीनताल)—मसीतखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
											सऩि	स	गम	प	ध
											दिर	दा	दिर	दा	रा
नि	नि	सं	संसं	नि	धध	प	प	ग	म	ग					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
मांझा															
ऩि	सस	ग	म	प	धध	नि	सं	निध	गम	ग					
दा	दिर	दा	रा	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
अंतरा															
											मग	म	निध	प	ध
											दिर	दा	दिर	दा	रा
नि	नि	सं	निनि	नि	निनि	सं	सं	रें	नि	ध					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
											गंमं	गं	संसं	नि	सं
											दिर	दा	दिर	दा	रा
सं	नि	ध	मग	म	निध	प	ध	ग	म	ग					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					

© NCERT not to be republished

राग खमाज (तीनताल)—रज़ाखानी गत

1 2 3 4	5 6 7 8	9 10 11 12	13 14 15 16
धा धिं धिं धा	धा धिं धिं धा	धा तिं तिं ता	ता धिं धिं धा
×	2	0	3
स्थायी			
नि – सं –	प ध संनि रेंसं	नि– नि़ध –ध, प	ग मम प ध
दा ऽ दा ऽ	दा रा दारा दारा	दाऽ ऱदा ऽऱ, दा	दा दिर दा रा
अंतरा			
ग म ग –	स नि़नि़ स ग	– म प ध	ग मम ध –
दा रा दा ऽ	दा दिर दा दा	ऽ रा दा रा	दा दिर दा रा
			नि सं संनि रेंसं
			दा रा दारा दारा
नि– नि़ध –प, ध	प धध नि, सं	– ध प	
दाऽ ऱदा ऽऱ, दा	दा दिर दा, दा	ऽ रा दा रा	

© NCERT not to be republished

राग खमाज़ (तीनताल)—रज़ाखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
				प	ध	संनि	रेंसं	नि–	नि़ध	–प,	ध	ग	गम	प	ध
				दा	रा	दारा	दारा	दाऽ	ऱदा	ऽऱ,	दा	दा	दिर	दा	रा
नि	–	सं	–												
दा	ऽ	रा	ऽ												
अंतरा															
नि	–	सं,	ध	–	नि	प	ध	नि	संसं	रेंरें	संसं	नि	नि़ध	–ध,	प
दा	ऽ	रा,	दा	ऽ	रा,	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	ऱदा	ऽऱ,	दा
ग	मम	नि	ध	प	ग	म	ग	स	नि़नि़	स,	ग	–	म,	प	ध
दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	दिर	दा,	दा	ऽ	रा,	दा	रा
नि	–	सं	–												
दा	ऽ	रा	ऽ												

कुछ लोकप्रिय गीत जो राग खमाज पर आधारित हैं—

बडा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया

(**चित्रपट**—*अमर प्रेम* (1971), **गायिका**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—राहुल देव वर्मन, **गीतकार**—आनन्द बख्शी)

आन मिलो सजना, अँखियों में ना आये निंदिया

(**चित्रपट**—*गदर–एक प्रेम कथा* (2001) **गायक**—पं. अजय चक्रवर्ती **गायिका**— परवीन सुल्ताना, **संगीतकार**—उधमसिंह, **गीतकार**—आनन्द बख्शी)

भजन-वैष्णव जन तो तैने कहिये

(**लेखक**—संत कवि नरसी मेहता)

आयो कहाँ से घन श्याम

(**चित्रपट**—*बुड्ढा मिल गया* (1971) **गायक**— मन्ना डे, **गायिका**— अर्चना, **संगीतकार**—राहुल देव वर्मन, **गीतकार**—मज़रूह सुल्तानपुरी)

© NCERT not to be republished

अभ्यास

राग खमाज के बारे में आप पढ़ चुके हैं। आइए नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें–

1. राग खमाज किस थाट के अंतर्गत आता है?
2. राग खमाज का गायन समय बताइए।
3. क्या राग खमाज के आरोह में शुद्ध 'नि' का प्रयोग होता है?
4. राग खमाज में किस प्रकार की शैलियों की रचनाएँ गाई जाती हैं?
5. राग खमाज पर आधारित कोई दो फिल्मी गीत लिखिए तथा उस गीत के कलाकारों के बारे में भी लिखिए।
6. 'वैष्णव जन तो तैने कहिये' किस कवि की रचना है?
7. राग खमाज पर आधारित कोई एक श्लोक लिखिए तथा राग के मुख्य लक्षण बताइए।
8. राग खमाज पर आधारित कोई एक बंदिश की स्वरलिपि लिखिए।
9. कोई दो प्रसिद्ध गीतकार और संगीतकार का योगदान बताए जिन्होंने राग खमाज में कुछ रचनाएँ की हों?

सही या गलत बताइए–

1. राग खमाज आश्रय राग की श्रेणी में नहीं आता है। (सही/ गलत)
2. इसके आरोह में निषाद वर्जित स्वर होता है। (सही/गलत)
3. इस राग की जाति षाड्व संपूर्ण होती है। (सही/ गलत)
4. 'आयो कहाँ से घनश्याम' गीत लता मंगेशकर द्वारा गाया हुआ गीत है। (सही/ गलत)
5. इसके आरोह तथा अवरोह में क्रमशः शुद्ध व कोमल निषाद प्रयोग होता है। (सही /गलत)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. राग खमाज का वादी _____ तथा संवादी _____ होता है।
2. राग खमाज की जाति _____ होती है।
3. इसके वादन में _____ गतें बजाई जाती हैं।
4. 'आन मिलो सजना' गीत _____ फिल्म से संबंधित है।
5. गीतकार मज़रूह सुल्तानपुरी और संगीतकार राहुल देव वर्मन द्वारा रचित राग खमाज पर आधारित गीत _____ है।

© NCERT not to be republished

आइये, पाठ्यक्रम से हटकर कुछ भिन्न बातों पर भी चर्चा करें–

1. जो राग हम सीखते हैं व गाते हैं उन रागों पर आधारित सुगम संगीत और फिल्मी संगीत आप को कैसा लगता है ? विस्तृत जानकारी अपने शब्दों में लिखिए।
2. एक अच्छे संगीतज्ञ के लिए रियाज़ करना बहुत ज़रूरी होता है, क्यों? अपने शब्दों में लिखिए।

राग यमन (कल्याण)

सबही शुद्ध सुर जहाँ, वादी गंधार सुहाय।
अरु संवादि निखाद तें, ईमन राग कहाय।।

चंद्रिकासार

राग विवरण

यह राग कल्याण थाट का राग है और आश्रय राग की श्रेणी में आता है। इसमें मध्यम स्वर तीव्र तथा अन्य स्वर शुद्ध लगते हैं। इसके आरोह तथा अवरोह में सातों स्वर प्रयोग में लाये जाते हैं इसीलिए इसकी जाति भी संपूर्ण है। वादी स्वर गंधार तथा संवादी स्वर निषाद होता है। यह गंभीर प्रकृति का राग है। इसका गायन समय रात्रि का प्रथम प्रहर है। इस राग का चलन प्राय: निषाद से शुरू होता है। इसमें छोटा व बड़ा ख्याल, ध्रुपद, तराना तथा विलंबित और द्रुत गतें सभी सामान्य रुप से गाई बजाई जाती हैं। अगर यमन और कल्याण को एक साथ मिश्रित कर देते हैं, तब यह नवीन राग 'यमन कल्याण' बन जाता है। इसमें शुद्ध म केवल अवरोह में किंचित दो गंधारों के बीच प्रयोग किया जाता है, जैसे— प म ग म ग रे नि॒ रे स। कर्नाटक पद्धति में इसे 'कल्याणी' कहा जाता है।

मुख्य बिंदु

थाट	कल्याण
जाति षाड्व	संपूर्ण
वादी	ग
संवादी	नि
वर्जित स्वर	कोई नहीं
गायन समय	रात्रि का प्रथम प्रहर
आरोह	स रे ग मं प ध नि सं
अवरोह	सं नि ध प मं ग रे स
पकड़	नि॒ रे ग मं प, रे ग रे नि॒ रे स

© NCERT not to be republished

राग यमन—त्रिताल

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 1

स्थायी गुरु बिन कैसे गुन गावे गुरु न माने तो गुन नहिं आवे गुनियन में बेगुनी कहावे
अंतरा माने तोरी भावे सबको चरन गहे सादी कनके जब गावे अचपल ताल सुर

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								मं				मं	प		
								प	प	नि	ध	प	ध	प	–
								गु	रू	बि	न	कै	ऽ	से	ऽ
			ग					मं	प		मं				
मं	रे	मं	मं	प	–	–	–	प	नि	ध	प	–	मं	ग	रे
गु	न	गा	ऽ	वे	ऽ	ऽ	ऽ	गु	रू	न	मा	ऽ	ने	तो	ऽ
				नि				नि				मं		ग	
ग	रे	गमंप	रे	स	रे	स	–	स	स	रे	रे	ग	मं	मं	–
गु	न	नऽऽ	हि	आ	ऽ	वे	ऽ	गु	नि	य	न	में	ऽ	वे	ऽ
				नि											
प	प	–	नि	मं	ध	प	–								
गु	नी	ऽ	क	हा	ऽ	वे	ऽ								
अंतरा															
								मं							
								प	–	प	मं	ग	–	रे	–
								मा	ऽ	ने	ऽ	तो	ऽ	री	ऽ
प	ध							नि				नि	सं		
ग	प	सं	ध	सं	सं	सं	–	सं	सं	ग	रे	सं	रें	सं	–
झा	ऽ	वे	ऽ	स	ब	को	ऽ	च	र	न	ग	हे	ऽ	स	ऽ
					ध	ध		मं		ग		रे			
नि	ध	सं	सं	नि	नि	मं	प	प	ग	प	–	ग	रे	स	स
दी	ऽ	क	न	के	ऽ	ज	ब	आ	ऽ	वे	ऽ	अ	च	प	ल
सरे	गमं	पध	निसं	निध	पमं	गरे	सस								
ताऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽल	सुर								

© NCERT not to be republished

लक्षणगीत राग यमन–एकताल (मध्यलय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 1

स्थायी सब गुनि जन इमन गात तीवर सुर करत साथ

अंतरा सुर वादि गंधार साध समवादि कर निखाद रात समय प्रथम प्रहर चतुर सुजन मन रिझात

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धिं	धिं	धागे	तिरकिट	तू	ना	क	त्ता	धागे	तिरकिट	धी	ना
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
			ध	ध		मं					
सं	सं	नि	नि	मं	प	प	प	मं	ग	–	ग
स	ब	गु	नि	ज	न	इ	म	न	गा	ऽ	त
मं						ग			रे		
ग	–	ग	रे	ग	प	रे	ग	रे	नि़	रे	स
ती	ऽ	व	र	सु	र	क	र	त	स	ऽ	थ
स	स	रे	रे	ग	ग	मं	मं	प	प	ध	ध
						नि					
नि	नि	रें	रें	गं	रें	सं	रें	सं	नि	ध	प
अंतरा											
मं						प					
प	ग	प	–	ध	प	सं	–	सं	सं	–	सं
सु	र	वा	ऽ	दि	गं	धा	ऽ	र	स	ऽ	ध
नि									ध		
सं	सं	रें	–	गं	रें	सं	सं	नि	नि	ध	प
स	म	वा	ऽ	दी	ऽ	क	र	नि	खा	ऽ	द
						प					
प	ग	ग	प	प	प	नि	नि	ध	प	ध	प
रा	ऽ	त	स	म	य	प्र	थ	म	प्र	ह	र
			ध						ग		
सं	सं	नि	नि	मं	प	प	ग	प	रे	–	स
च	तु	र	सु	ज	न	म	न	रि	झा	ऽ	त

© NCERT not to be republished

यमन–एकताल (विलंबित)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी मेरा मन बाँध लीनो रे हाँ रे इन जोगीया के साथ

अंतरा सदारंग करम करो क्यूँ ना इन प्रान नाथ के हाथ

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धिं	धिं	धागे	तिरकिट	तू	ना	क	त्ता	धागे	तिरकिट	धी	ना
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
स	–	नि़	रे	ग	रे	स	(स)	नि़	प़	निध़	सरे
बाँ	ऽ	ऽ	ध	ली	नो	रे	ऽ	मे	रा	ऽऽ	मन
				रे				पध	मं		पग
प	प(प)	ग	रे	ध़	नि़	स	स	निनि	(प)	रे	मंमं
जो	गीऽ	या	के	स	ऽ	ऽ	थ	हाँऽ	रेऽ	ऽ	इन
अंतरा											
								मं			
								ग	मं	प	ध
								स	दा	रं	ग
पध	मं					नि़		स			
निनि	प(प)	मंग	गप	ग	रे	सरे	स	नि़	रे	ग	मं
कऽ	रऽ	मऽ	कऽ	रो	ऽ	क्यूँऽ	ना	इ	न	प्रा	ऽ
पध				ग	स						
निनि	(प)	मंग	प	रे	नि़	रे	स				
नऽ	ना	ऽऽ	थ	के	हा	ऽ	थ				

© NCERT not to be republished

राग–यमन चौताल

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी अधर लगाई रस प्याई बाँसुरी बजाई, मेरो नाम गाई, हाय जादू कियो मन में

अंतरा नटखट नवल सुघर नंद नंदनी करी के अचेत चेत हरी के जतन में

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दिं	ता	तिट	कत	गदि	गन
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
							नी़	रे	ग	मं	प
							अ	ध	ऽ	र	ल
नी	–	धप	रे	रे	गरे	–	रे	स	–	–	–
गा	ऽ	ईऽ	र	स	प्या	–	–	ई	ऽ	ऽ	ऽ
मं	ध़	नी़	रे	–	रे	ग	–	स	–	–	–
बाँ	ऽ	सु	री	ब	जा	–	–	ई	ऽ	ऽ	ऽ
प	मं	ग	पमं	–	मंग	ग	–	प	मं	मंग	मं
मे	रो	ऽ	ना	ऽ	मऽ	गा	–	ई	हा	यऽ	जा
ध	प	मं	रे	ग	गरे	स					
दू	कि	यो	म	न	मेंऽ	ऽ					
अंतरा											
मं	ध	नी	सं	सं	–	सं	सं	–	सं	सं	सं
न	ट	ख	ट	न	ऽ	व	ल	ऽ	सु	घ	र
नी	–	नीध	संनि	रें	गं	गं	गं	रें	सं	–	सं
नीं	ऽ	दऽ	नऽ	ऽ	ऽ	द	ऽ	ऽ	नी	ऽ	ऽ
नी	नी	–	नी	–	सं	नी	ऽ	सं	नी	ऽ	प
क	री	ऽ	के	ऽ	अ	चे	ऽ	त	चे	ऽ	त
पमं	ध	प	रे	ग	रे	स					
ह	री	के	ज	त	न	में					

© NCERT not to be republished

राग यमन (तीनताल)—रज़ाखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			

स्थायी

								नि़	रेरे	नि़नि़	गग	रे–	रे,नि़	–नि़,	रे
								दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर	दा
ग	–	–	पप	रे	गग	रे	स								
दा	ऽ	ऽ	दिर	दा	दिर	दा	रा								

अंतरा

ग	–	–	रेरे	ग	मं	ध	–	मं	निनि	धध	पप	मं–	मं,रे	–रे	ग
दा	ऽ	ऽ	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दा	र,दा	ऽर,	दा
मं	निनि	ध	प	रे	ग	रे	स								
दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा								

उस्ताद मुश्ताक अली खान साहब की बंदिश

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			

स्थायी

						मंमं	पप	मं–	मं,ग	–ग	रेरे	ग	मंमं	ध	नि
						दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर	दिर	दा	दिर	दा	रा
प	–	–	मं	ग	रे										
दा	ऽ	ऽ	दा	दा	रा										

अंतरा

प	–	–	मं	ग	रे	ग	मं	प	मंमं	रेरे	गग	रे–	रे,नि़	–नि़	रे
दा	ऽ	ऽ	दा	दा	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
ध़	नि़नि़	ध़,	नि़	–	रे	ग	रे	ग	मंमं	पप	मंमं	ध–	धनि	–सं	नि
दा	दिर	दा,	दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
मंप	धनी	संनी	धप	मंग	रेस										
दारा	दारा	दारा	दारा	दारा	दारा										

© NCERT not to be republished

राग यमन (तीन ताल)—मसीतखानी गत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2					0			3			
स्थायी															
											ऩिऩि	रे	गग	म॑	प
											दिर	दा	दिर	दा	रा
नि	ध	प	पप	म॑	रेरे	ग	म॑प	रेग	रे	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
मंझा															
म॑	धध	ऩि	रे	ग	रेरे	ग	म॑प	रेग	रे	स					
दा	दिर	दा	रा	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
अंतरा															
											पप	म॑ग	म॑म॑	ध	नि
											दिर	दा	दिर	दा	रा
सं	सं	स	संसं	नी	धध	नी	रें	गं	रें	सं					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
											गंगं	रें	संसं	नि	सं
											दिर	दा	दिर	दा	रा
नि	ध	प	पप	म॑	रेरे	ग	म॑प	रेग	रे	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					

© NCERT not to be republished

कुछ लोकप्रिय गीत जो राग यमन पर आधारित हैं–

तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ

(**भजन**— श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन, **गायिका**— लता मंगेशकर)

अभी ना जाओ छोड़कर, कि दिल अभी भरा नहीं

(**चित्रपट**— *हम दोनों* (1961), **गायिका**— आशा भोंसले **गायक**—मोहम्मद रफ़ी, **संगीतकार**— जयदेव, **गीतकार**— साहिर लुधियानवी)

आये हो मेरी ज़िन्दगी में, तुम बहार बनके

(**चित्रपट**— *राजा हिंदुस्तानी* (1996), **गायक**— उदित नारायण, **संगीतकार**— नदीम श्रवण, **गीतकार**— समीर)

इन्हीं लोगों ने ले लीना, दुपट्टा मेरा

(**चित्रपट**— *पाक़ीजा* (1972), **गायिका**— लता मंगेशकर, **संगीतकार**— गुलाम मोहम्मद और नौशाद, **गीतकार**— मज़रूह सुल्तानपुरी)

अभ्यास

आइये, देखते हैं क्या राग यमन को पढ़कर हम निम्न प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं–

1. तीव्र मध्यम का चिह्न कैसा होता है?
2. राग यमन का आरोह तथा अवरोह लिखिए।
3. राग यमन में वर्जित स्वर कौन-सा है?
4. राग यमन को दूसरे किस नाम से प्रसिद्धि मिली हुई है?
5. 'आये हो मेरी जिंदगी में, तुम बहार बनके' किस फिल्म का गीत है तथा यह किस राग पर आधारित है?
6. *पाकीज़ा* फिल्म जो 1972 में प्रदर्शित हुई, इसका कौन सा गीत राग यमन पर आधारित है तथा इसके गीतकार व गायक कौन हैं?

© NCERT not to be republished

7. राग यमन पर आधारित कोई एक श्लोक लिखिए तथा उसके लक्षण बताइए।
8. राग यमन पर आधारित कोई एक बंदिश की स्वरलिपि लिखिए।

सही या गलत बताइए–

1. राग यमन का गायन समय रात्रि का तृतीय प्रहर है। (सही/गलत)
2. यह एक गंभीर प्रकृति का राग भी है। (सही/गलत)
3. 'अभी ना जाओ छोड़कर, कि दिल अभी भरा नहीं' गीत यमन राग पर आधारित गीत नहीं है। (सही/गलत)
4. राग यमन का अवरोह सं नि ध प, म ग रे स है। (सही/गलत)
5. 'इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा', गीत लता मंगेशकर द्वारा गाया गया है तथा मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखा हुआ है। (सही/गलत)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. राग यमन का गायन समय _____ है।
2. राग यमन की जाति _____ है।
3. राग यमन का वादी स्वर _____ तथा संवादी स्वर _____ है।
4. यह _____ थाट का आश्रय राग है।
5. राग यमन _____ सप्तकों में गाया जाता है।

आइये, पाठ्यक्रम से हटकर कुछ भिन्न बातों पर भी चर्चा करें–

1. किसी कलाकार को कभी आपने राग यमन गाते सुना है? उनकी गाई या बजाई बंदिशें आपको कैसी लगीं? उनकी विशेषताओं को शब्दों में लिखिए।
2. क्या आप फिल्में देखते हैं, अगर हाँ तो क्यों? क्या इसके पीछे कोई वैज्ञानिक कारण भी है? अपने शब्दों में लिखिए।

© NCERT not to be republished

राग भूपाली

आरोही अवरोहि में सुर मनि कीन्हें त्याग।
ध – ग संवादी-वादि तें कहि राग भूपाल।।

राग चन्द्रिकासार

राग विवरण

यह राग कल्याण थाट का राग है। इस राग में मध्यम तथा निषाद दोनों स्वर पूर्णत: वर्जित हैं अत: इसकी जाति औड्व औड्व है। इसका वादी गंधार तथा संवादी धैवत है। यह पूर्वांग प्रधान राग है। यह गंभीर प्रकृति का राग है। इसमें ध्रुपद, बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल व तराना गाया जाता है। इस राग में मसीतखानी तथा रज़ाखानी दोनों ही बजाई जाती हैं। इसमें ठुमरी नहीं गाई जाती है। गायन समय रात्रि का प्रथम प्रहर है। दक्षिण भारतीय संगीत में इसे 'मोहनम् राग' कहते हैं।

मुख्य बिंदु

थाट	कल्याण	**गायन समय**	रात्रि का प्रथम प्रहर
वर्जित स्वर	म, नि, अन्य स्वर शुद्ध	**आरोह**	स रे ग प ध सं
जाति षाड्व	औडव औडव	**अवरोह**	सं ध प ग रे स
वादी	ग	**पकड़**	ग रे स ध़, स रे ग, प ग, ध
संवादी	ध		प ग, रे स

भूपाली–त्रिताल (मध्य लय) | स्वरमालिका

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 3

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
ग	ऽ	प	ग	ध	प	ग	ऽ	सं	सं	ध	प	ग	रे	स	रे
सं	प	ध	प	ग	रे	स	ऽ	ग	प	ध	सं	रें	सं	ध	प
अंतरा															
ध	ध	सं	रें	गं	रें	सं	ध	ग	ग	प	ध	प	सं	ऽ	सं
सं	सं	ध	प	ग	रे	स	ऽ	गं	गं	रें	सं	रें	रें	सं	ध

© NCERT not to be republished

राग भूपाली—चौताल (विलंबित)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 3

स्थायी तू हि सूर्य तू हि चंद्र तू हि पवन तू हि अगन तू हि आप तू अकास तू हि धरनि यजमान

अंतरा भव रूद्र उग्र सर्व पशुपती सम समान ईशान भीम सकल तेरे ही अष्ट नाम

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दिं	ता	तिट	कत	गदि	गन
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
ग	–	रे	ग		प	ग	–	रे	स	रे	स
तू	ऽ	हि	सू	ऽ	र्य	तू	ऽ	हि	चं स	ऽ	द्र
स	–	ध़	स	ग	रे	स	रे	स	ध़	ध़	प़
तू	ऽ	हि	प प	व	न	तू ध	ऽ	हि	अ	ग	न
स	–	रे	ग	प	ध	सं	–	ध	सं	–	सं
तू	ऽ	हि	अ	ऽ	प प	तू	ऽ	आ	का	ऽ	स
सं	गं	रें	ध्रें	सं	ध	सं	ध	प	ग	रे	स
तू स	ऽ	हि	ध रे	र	नि	य	ज	ऽ	मा	ऽ	न
प	–	ग	ग	–	प						
तू	ऽ	हि	सू	ऽ	र्य						
अंतरा											
ग	प					ध					
प	ग	–	प	सं	ध	सं	–	सं	सं	रे	सं
भ	व सं	ऽ	रु	ऽ	द्र	उ सं	ऽ	ग्र सं	स	ऽ	र्व
सं	ध	–	सं	सं	रें	गं	रें	रें	सं	ध	प
प	शु	ऽ	प सं	ती	ऽ	स	म	स	मा	ऽ	न
प	ग	रे	ग	प	संध	सं	–	सं	सं	रें	सं
ई सं	ऽ	ऽ	शा	ऽ सं	न ऽ	भी	ऽ	म	स	क	ल
गं	रें	–	सं	प	ध	सं	ध	प	ग	रे	स
ते	ऽ	ऽ	रे	ऽ	हि	अ	ऽ	ष्ट	ना	ऽ	म
ग	–	रे	ग	–	प						
तू	ऽ	हि	सू	ऽ	र्य						

© NCERT not to be republished

राग भूपाली—त्रिताल (मध्यलय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 3

स्थायी दरशन दीजे त्रिभुवन पाली त्रिभुवन नायक बहुसुख दायक विलम करो मत हाली

अंतरा अति उदार गत अगम निगम के रसिकन के रस ख्याली
श्री कमलापति बृज के वासी कर खुशाल प्रति पाली

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								स							
								सं	सं	ध	प	ग	रे	स	–
								द	र	श	न	दी	ऽ	जे	ऽ
	स			रे				प	प	प		प	सं		
स	ध्र	स	रे	ग	–	ग	–	ग	ग	ग	रे	ग	प	ध	ध
त्रि	भु	व	न	प	ऽ	ली	ऽ	त्रि	भु	व	न	ना	ऽ	य	क
ध				ध	सं			ध				रें			
सं	सं	सं	सं	सं	रें	सं	सं	सं	सं	रें	रें	ध	–	सं	सं
ब	हु	सु	ख	दा	ऽ	य	क	वि	ल	म	क	रो	ऽ	म	त
								रे							
पध	सरें	गरें	संसं	पध	संसं	धप	गरे	सं	सं	ध	प	ग	रे	स	–
हाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	लीऽ	द	र	श	न	दी	ऽ	जे	ऽ
अंतरा															
								ग					ध		
								प	प	ग	प	–	प	सं	ध
								अ	ति	उ	दा	ऽ	र	ग	त
								ध	सं						
सं	सं	सं	सं	सं	रें	सं	–	सं	सं	ध	ध	सं	–	रें	रें
अ	ग	म	नि	ग	म	के	ऽ	र	सि	क	न	के	ऽ	र	स
ध				ध				ध	ध			सं			
सं	रें	गं	रें	सं	रें	सं	ध	प	ध	सं	सं	ध	–	प	प
ख्या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ली	ऽ	श्री	ऽ	क	म	ला	ऽ	प	ति
प	प			ग				ध	गं						
ग	रे	ग	प	रे	–	स	–	सं	सं	गं	रें	–	सं	रें	सं
बृ	ज	के	ऽ	वा	ऽ	सी	ऽ	क	र	खु	शा	ऽ	ल	प्र	ति
पध	संसं	धप	पध	संसं	धप	गरे	स–								
पा	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	लीऽ								

© NCERT not to be republished

राग भूपाली–त्रिताल (मध्यलय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 3

स्थायी इतनो जोबन पर मान न करिये डरिये प्रभुसों आज आली

अंतरा जो कोई आवे अपने ढिंगवा तासों गरबन कीजिये सदारंग यह रीत माने

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								ध्र							
								स	सं	ध	प	ग	रे	स	स
								इ	त	नो	जो	ब	न	प	र
स					प			प	प	प		प	सं		
प	ग	प	प	प	ध	ध	–	ग	ग	ग	रे	ग	प	ध	सं
मा	ऽ	न	न	क	रि	ये	ऽ	ड	रि	ये	ऽ	प्र	भु	सों	ऽ
संप	ध	सं	सं	संसं	धप	गरे	स–								
आऽ	ऽ	ऽ	ज	आऽ	ऽऽ	ऽऽ	लीऽ								
अंतरा															
								प							
								ग	–	ग	ग	प	–	सं	ध
								जो	ऽ	को	इ	आ	ऽ	वे	ऽ
ध								सं	सं			ध			
सं	सं	सं	–	सं	रें	सं	–	ध	–	ध	–	सं	सं	रें	रें
अ	प	ने	ऽ	ढिं	ग	वा	ऽ	ता	ऽ	सों	ऽ	ग	र	ब	न
ध				ध					प						
सं	रें	गं	रें	सं	(सं)	ध	प	प	ग	रे	ग	प	ध	सं	सं
की	ऽ	ऽ	जि	ये	ऽ	ऽ	ऽ	स	दा	ऽ	रं	ऽ	ग	य	ह
सं															
प	ध	सं	सं	संसं	धप	गरे	स–								
री	ऽ	ऽ	त	माऽ	ऽऽ	ऽऽ	नेऽ								

© NCERT not to be republished

राग भूपाली—ध्रुपद (चौताल)

डागर घराने की बंदिश

स्थायी तान तलवार तार की सिपर लिए फिरत, गुनि अपने मन मानि जहाँ तहाँ बजित तत तुरत
अंतरा सुर कमान बोल वाण छूटे जहाँ लागत रीझत सुझावत विद्याधर फुरत

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दिं	ता	तिट	कत	गदि	गन
×		0		2		0		3		4	
स्थायी											
संध	सं	सं	प	ग	गप	रे	ऽ	रे	स	–	रे
ता	ऽ	न	त	ऽ	लऽ	वा	ऽ	र	ता	ऽ	र
प	ग	–	ग	ग	ग	ग	ग	ध	प	ग	रे
की	ऽ	ऽ	सि	प	र	लि	ए	ऽ	फि	र	त
ग	प	संध	धसं	सं	–	सं	सं	गरें	गं	रें	रें
गु	नी	अ	पऽ	ने	ऽ	म	न	मा	ऽ	नी	ऽ
सं	सं	ध	प	ध	सं	ध	प	ग	रे	स	स
ज	हाँ	ऽ	त	हाँ	ऽ	ब	जि	त	तु	र	त
अंतरा											
ग	प	संध	सं	–	सं	सं	–	रें	सं	–	सं
सु	र	क	मा	ऽ	न	बो	ऽ	ल	बा	ऽ	ण
सं	सं	ध	सं	गरें	गं	गं	रें	सं	सं	ध	ध
छू	टे	ऽ	ज	हाँ	ऽ	ला	ग	त	री	झ	त
ग	प	संध	ध	संध	ध	सं	सं	सं	सं	सं	सं
सु	झा	व	त	वि	घ्या	ऽ	ध	र	फु	र	त

© NCERT not to be republished

राग भूपाली—तीनताल (मसीतखानी गत)

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
											गग	रे	सस	ध़	सरे
											दिर	दा	दिर	दा	रा
[ग]प	ग	ग	रेरे	ग	पप	ध	प	ग	रे	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
मँझा															
											गग	रे	सस	ध़	स
											दिर	दा	दिर	दा	रा
ध़	ध़	प़	ध़ध़	स	रेरे	ग	प	ग	रे	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
अंतरा															
											रेरे	ग	पप	ध	ध
											दिर	दा	दिर	दा	रा
सं	सं	सं	संसं	ध	धध	सं	रें	गं	रें	सं					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					
											गंगं	रे	संसं	ध	सं
											दिर	दा	दिर	दा	रा
ध	ध	प	रेरे	ग	पप	ध	प	ग	रे	स					
दा	दा	रा	दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा					

© NCERT not to be republished

राग भूपाली—तीनताल (रज़ाखानी गत)

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								स	रेरे	ग	रे	स	धध	स	रे
								दा	दिर	दा	रा	दा	दिर	दा	रा
ग्प	–	ग	–	रे	रे	ग	–								
दा	ऽ	दा	ऽ	दा	रा	दा	ऽ								
अंतरा															
प	–	ग,	रे	–	ग	प	ध	सं	रेरें	गंगं	रेरें	सं–	सं,ध	ध,	प
दा	ऽ	रा,	दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽर,	दा
ग	पप	ध	सं	ध	प	ग	रे								
दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा								

राग भूपाली—तीनताल (रज़ाखानी गत)

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
						ससं	रेरे	ग–	ग,रे	–रे	ससं	ध़	धध़	स	रे
						दिर	दिर	दाऽ	र,दा	ऽरे,	दिर	दा	दिर	दा	रा
ग्प	–	ग	–	रे	ग										
दा	ऽ	रा	ऽ	दा	रा										
अंतरा															
ग्प	–	–,	ग	–	प	ध	सं	सं	रेरें	गंगं	रेरें	सं–	सं,ध	–ध,	प
दा	ऽ	ऽ,	दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दिर	दिर	दिर	दाऽ	ऽ,दा	ऽर,	दा
ग	पप	ध,	सं	–	सं										
दा	दिर	दा,	दा	ऽ	रा										

© NCERT not to be republished

कुछ लोकप्रिय गीत जो राग भूपाली पर आधारित हैं–

चंदा है तू मेरा, सूरज है तू

(**चित्रपट**—*अराधना* (1969), **गायिका**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—सचिन देव वर्मन, **गीतकार**—आनन्द बख्शी)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरा ना कोई

(**चित्रपट**—*मीरा* (1947), **गायिका**—एम. एस. सुब्बूलक्ष्मी, **संगीतकार**—एस. वी. बैंकटरमन, **गीतकार**—पं. नरेन्द्र शर्मा)

इन आँखों की मस्ती के, मस्ताने हज़ारों हैं

(**चित्रपट**—*उमराव जान* (1981), **गायिका**—आशा भोंसले, **संगीतकार**—खैय्याम, **गीतकार**—हसरत जयपुरी)

पंछी बनूँ, उड़ती फिरूँ, मस्त गगन में

(**चित्रपट**—*चोरी-चोरी* (1956), **गायिका**—लता मंगेशकर, **संगीतकार**—शंकर जयकिशन, **गीतकार**—हसरत जयपुरी)

देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए

(**चित्रपट**—*सिलसिला* (1981), **गायिका**—आशा भोंसले, **गायक**—किशोर कुमार, **संगीतकार**—शिव हरि, **गीतकार**—जावेद अख्तर)

© NCERT not to be republished

अभ्यास

आइये, देखते हैं क्या राग भूपाली को पढ़कर हम निम्न प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं–

1. राग भूपाली की जाति व थाट क्या हैं?
2. राग भूपाली की पकड़ व अवरोह लिखिए?
3. दक्षिण भारतीय संगीत में इसे किस नाम से जानते हैं?
4. इस राग में ठुमरी क्यों नहीं गाई जाती है?

5. आशा भोंसले का कौन-सा गीत राग भूपाली पर आधारित है?
6. राग भूपाली पर आधारित कोई एक श्लोक लिखिए तथा उसका भावार्थ बताइए।
7. राग भूपाली पर आधारित कोई एक बंदिश की स्वरलिपि लिखिए।
8. राग भूपाली का विस्तृत वर्णन करते हुए इस पर आधारित गीत भी लिखिए तथा उनसे संबंधित कलाकारों की भी चर्चा करिए।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. राग भूपाली का वर्जित स्वर _____ है।
2. इसका गायन समय _____ है।
3. इसका वादी स्वर _____ तथा संवादी स्वर _____ है।
4. इन आँखों की मस्ती के _____ हजारों हैं। गीत को पूर्ण कीजिए।
5. राजकपूर नर्गिस की फिल्म चोरी-चोरी के गीत "पंछी बनूं, उड़ती फिरूं, मस्त गगन में" के गीतकार _____ व गायक कलाकार _____ हैं।

सही या गलत बताइए–

1. दक्षिण भारतीय संगीत में भी इसे भूपाली राग नाम से जाना जाता है। (सही/गलत)
2. यह भूपाली थाट का राग है। (सही/गलत)
3. यह राग उत्तरांग प्रधान राग है। (सही/गलत)
4. फिल्म अराधना का गीत 'चंदा है तू मेरा, सूरज है तू' भूपाली राग पर आधारित गीत नहीं है। (सही/गलत)
5. 'देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए' के गीतकार जावेद अख्तर, गायिका लता मंगेशकर तथा गायक किशोर कुमार है। (सही/गलत)

आइये, पाठ्यक्रम से हटकर कुछ भिन्न बातों पर भी चर्चा करें–

1. राग क्या है? रागों की गायकी का इतना महत्त्व क्यों होता है?
2. मानव जीवन में संगीत के क्या फायदे हैं? आप किस तरह से संगीत से अपने आपको जोड़ते हैं? उदाहरण देकर एक लेख लिखिए (500 शब्दों में)।

© NCERT not to be republished

राग अल्हैया बिलावल

थाट बिलावल प्रथम दिवस उतरत दोउ निषाद।
आरोहन मध्यम तजि कर, मानत ध ग सम्वाद।।

राग परिचय–2, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव

राग विवरण

यह राग बिलावल थाट से उत्पन्न राग है। इस राग में सभी स्वर शुद्ध प्रयोग किये जाते हैं। इसकी जाति संपूर्ण है। इसका वादी स्वर धैवत तथा संवादी स्वर गंधार है। यह उत्तरांग प्रधान राग है अर्थात् इसका वादी स्वर धैवत सप्तक के उत्तरांग (म प ध नि सं) से लिया गया गया है। यह जानकारी होना भी अति आवश्यक है कि बिलावल और अल्हैया बिलावल दोनों अलग-अलग राग हैं। राग बिलावल इसका मिलता-जुलता राग है किंतु उसमें कोमल निषाद का प्रयोग नहीं होता है। इसका गायन समय दिन का प्रथम प्रहर है।

मुख्य बिंदु

थाट	बिलावल
जाति षाड्व	संपूर्ण
वादी	ध
संवादी	ग
गायन समय	रात्रि का प्रथम प्रहर
आरोह	स ग रे ग प ध नि सं
अवरोह	सं नि ध प, ध नि ध प,म ग म रे, स
पकड़	ग रे ऽ ग प, म ग म रे ग प ध नि ध प

© NCERT not to be republished

बिलावल–त्रिताल (16 मात्राएँ)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी तू ही आधार सकल त्रिभुवन को पालक सच राचर भू तन को

अंतरा तू ही विष्णू तू नारायण कारण तू पर ब्रह्म जगत को।

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
												प			ध
												ग	प	नि	नि
												तू	ऽ	हि	आ
				नि								म			
सं	–	सं	सं	सं	रें	सं	नि	ध	प	मग	मरे	ग	म	प	मग
धा	ऽ	र	स	क	ल	त्रि	भु	व	न	कोऽ	ऽऽ	पा	ऽ	ल	कऽ
				नि											
म	रे	स	–	ध	नि	सं	नि	ध	प	मग	मरे				
स	च	रा	ऽ	च	र	भू	ऽ	त	न	कोऽ	ऽऽ				
अंतरा															
														प	ध
												प	–	नि	नि
												तू	ऽ	ही	ऽ
				नि		रें						नि			
सं	–	सं	–	सं	गं	गं	मं	गं	रें	सं	सं	सं	–	गं	रें
वि	ऽ	ष्णु	ऽ	तू	ऽ	ना	ऽ	रा	ऽ	य	न	का	ऽ	र	न
		नि		नि											
सं	–	ध	प	ध	नि	सं	संनि	ध	प	मग	मरे				
तू	ऽ	प	र	ब्र	ऽ	ह्म	जऽ	ग	त	कोऽ	ऽऽ				

© NCERT not to be republished

अल्हैया बिलावल–त्रिताल (मध्य लय)–लक्षणगीत

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी तब कहत बिलावल भेद चतुर जब मेल मिलावत शुद्ध सुरन को
प्रात समय नित प्रथम प्रहर

अंतरा धैवत वादी ग समवादी अष्ट भेद सब गाय मधुर

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
							नि	नि		ग	रे	ग			ध
						सं	सं	ध	प	म	ग	प	–	नि	नि
						त	ब	क	ह	त	बि	ला	ऽ	व	ल
					ध										
सं	–	सं	सं	नि	नि	प	प	धनि	सरें	सं	संनि	ध	प	म	ग
मे	ऽ	द	च	तु	र	ज	ब	मेऽ	ऽऽ	ल	मिऽ	ला	ऽ	व	त
															ध
ग	रे	ग	म	ग	रे	स	–	स	म	ग	प	प	–	नि	नि
शु	ऽ	द्ध	सु	र	न	को	ऽ	प्रा	ऽ	त	स	मै	ऽ	नि	त
		रें			ध										
सं	गं	सं	सं	नि	नि	सं	सं								
प्र	थ	म	प्र	ह	र,	त	ब								
अंतरा															
											ध				
								प	–	नि	नि	सं	–	सं	–
								धै	ऽ	व	त	वा	ऽ	दी	ऽ
		रें		गं				मं			मं				
निसं	गं	गं	मं	रें	–	सं	–	गं	मं	पं	गं	मं	रें	सं	सं
गाऽ	ऽ	सम	ऽ	वा	ऽ	दी	ऽ	अ	ऽ	ष्ट	भे	ऽ	द	स	ब
धनि	सरें	सं	संनि	ध	नि	सं	सं								
गाऽ	ऽऽ	य	मऽ	धु	र,	त	ब								

© NCERT not to be republished

बिलावल (मध्य लय)

क्रमिक पुस्तक मालिका-भाग 2

स्थायी जाग उठे सब जन तुम जागो, गौवन के चर वाल चरैया

अंतरा ग्वाल बाल सब गौव चरावत, तुमरे कारन आवत धावत, सदारंग मन तुम सों लागो

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
×				2				0				3			
स्थायी															
								गं		सं					
								सं	–	ध	प	म	ग	म	रे
								जा	ऽ	ग	उ	ठे	ऽ	स	ब
म				ग				नि		म		प		सं	ध
ग	म	प	मग	म	रे	स	–	स	–	ग	मरे	ग	प	नि	नि
ज	न	तु	मऽ	जा	ऽ	गो	ऽ	गौ	ऽ	व	नऽ	के	ऽ	च	र
		सं					गरे								
सं	–	रें	सं	सरें	संनि	धप	मग								
वा	ऽ	ल	च	रैऽ	ऽऽ	ऽऽ	याऽ								
अंतरा															
										प	ध				
								प	–	नि	नि	सं	सं	सं	सं
								ग्वा	ऽ	ल	बा	ऽ	ल	स	ब
नि		रें								नि					
सं	गं	गं	मं	गं	रें	सं	सं	प	प	ध	नि	सं	–	सं	सं
गौ	ऽ	व	च	रा	ऽ	व	त	तु	म	रे	ऽ	का	ऽ	र	न
